# मांडू एल चट्टी पंचायत भवन में लगा केवाईसी शिविर

**मांडू, निज प्रतिनिधि।** देश भर के समस्त ग्राम पंचायतों में सघन वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है।इसी के तहत गुरुवार को मांडू चट्टी पंचायत भवन मे वित्तीय समावेशन एवं पुनः केवाईसी के लिए शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक, झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहें।

क्षेत्रीय निदेशक ने शिविर का निरीक्षण कर मौजूद बैंक पदाधिकारियों व बैंकिंग संवाददाताओं (बीसी) से शिविर के आयोजन संबंधी प्रगति पर चर्चा की ।साथ ही क्षेत्रीय निदेशक ने शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों से भी संवाद किया।इस अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पात्र खाताधारक इस शिविर का लाभ उठाएं तथा समय पर पुनः केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें।उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि पुनः केवाईसी की प्रक्रिया पर भारतीय रिजर्व बैंक नियमित रूप से बैंकों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति का लगातार आकलन कर रहा है। क्षेत्रीय निदेशक ने प्रतिभागियों से सरलीकृत केवाईसी फॉर्म का उपयोग करने और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने का अनुरोध किया।

# अन्य प्रेस विज्ञप्तियाँ

# वित्तीय समावेशन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष पहल : क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, राँची का रामगढ़ आगमन एवं मांडू चट्टी पंचायत में समावेशन शिविर का दौरा

**रामगढ़** ।जन-जन को वित्तीय एवं बैंकिंग सुविधाओं तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने तथा संबंधित खातों में पुनः केवाईसी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से एक अभिनव पहल के रूप में इस वर्ष 1 जुलाई से 30 सितंबर तक देश भर के समस्त ग्राम पंचायतों में सघन वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान चलाया है इसी क्रम में, 21 अगस्त 2025 को रामगढ़ के मांडू प्रखण्ड स्थित मांडू चट्टी पंचायत में वित्तीय समावेशन एवं पुनः केवाईसी हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक, झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह उपस्थित रहें। शिविरों के संचालन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बैंक पदाधिकारियों एवं बैंकिंग संवाददाताओं ( बीसी) से शिविर के आयोजन एवं पुनः केवाईसी संबंधी प्रगति पर चर्चा की । उन्होंने बैंक अधिकारियों से शिविर एवं बैंक शाखा व बीसी नेटवर्क के जरिये पुनः केवाईसी संबंधी सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने और कृषिकर्म के समय के आलोक में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यथासंभव देर शाम तक शिविरों का आयोजन करने हेतु आह्वान किया । क्षेत्रीय निदेशक ने शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों से भी संवाद किया एवं पुनः केवाईसी संबंधी इस अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पात्र खाताधारक इस शिविर का लाभ उठायें तथा समय पर पुनः केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें, जब सभी बैंक वित्तीय सुविधाओं को आपके द्वार तक पहुँचाने के इस अभियान में आगे बढ़ कर भागीदारी कर रहे हैं । उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि पुनः केवाईसी की प्रक्रिया पर भारतीय रिजर्व बैंक नियमित रूप से बैंकों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर रहा है और इस प्रक्रिया की प्रगति का लगातार आकलन करते हुए इसे सफल बनाने के लिए दृढ़संकल्पपूर्वक प्रतिबद्ध है । साथ ही, विषय की महत्ता को देखते हुए विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों से अपेक्षित है कि वे इन शिविरों का दौरा करें ताकि सभी बैंककर्मी व बीसी इस पुनीत कार्य हेतु प्रवृत्त, प्रेरित और प्रोत्साहित हों ।